मानक को पूरा करें पटाखा दुकानदार

फायर बिग्रेड ने की बैठक, मॉक ड्रिल भी, एक भी दुकान का नहीं है लाइसेंस

पटना सिटी (आससे)। पटाखा दुकानदारों की बैठक रविवार को फायर बिग्रेड के ऑफिसर अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई.। बैठक में फायर अफसर ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मानक को पूरा करने के बाद दुकानदारी करना होगा, इस दौरान फायर अफसर ने दुकान के अंदर अग्निशमन यंत्र रखने,बालू,पानी,कंबल रखने, दुकान में बोर्ड लगा कर बोर्ड लगाकर फायर ब्रिगेड का नंबर व टॉल फ्री नंबर रखने के साथ फायर बिग्रेड से प्रमाण पत्र लेना होगा, इसके बाद ही कारोबार कर सकेंगे। इस संबंध में. फायर अफसर ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर दुकानदारों पर कार्रवाई होगी. इसके साथ ही प्रशासन के निर्देश के आलोक पटाखा की दुकानों में फायर बिग्रेड के कर्मियों की ओर से जांच पड़ताल की जायेगी।. यह अभियान छठ तक चलेगा. बैठक में डेढ़ दर्जन से अधिक पटाखा के दुकानदार उपस्थित थे.। दूसरी ओर से फायर ऑफिसर अजय कुमार के नेतृत्व में प्रधान अग्निक पंकज कुमार रजक,मनीष कुमार ठाकुर,पूजा भारती ने आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. यह अभियान आलमगंज मुहल्ला मॉक ड्रिल के माध्यम से चलाया गया. इसमें सिलिंडर में लगे आग को कैसे बुझाये,इसकी जानकारी दी गयी.। बताते चलें कि जहां फायर बिग्रेड कार्यालय में पटाखा दुकानदारों की बैठक हुई व मॉक ड्रिल कराया गया वहीं सबसे चौंकाने वाली बात है कि सिटी में एक भी दुकानदार को लाइसेंस नहीं है।




नारी सशक्तीकरण गोष्ठी में गूंजा गुरुदेव का संदेश

पटना (आससे)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ, कंकड़बाग, पटना एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से नारी सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे पटना जोन से हजारों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी में नारी शक्ति के जागरण, सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका तथा युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरुदेव के विचार केवल आध्यात्मिक जीवन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। इन विचारों को अपने जीवन में अपनाकर ही एक स्वस्थ, संस्कारवान और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

फलवारी नहर में मिला लापता युवक का शव

फुलवारी शरीफ. फुलवारी शरीफ के खगौल लख के पास रविवार को नहर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी. मृतक की पहचान रूपसपुर थाना क्षेत्र के छोटी जगनपुरा निवासी रिशु कुमार (18) के रूप में हुई है. वह 22 अक्टूबर की रात से लापता था.फुलवारी नहर में मिला लापता युवक का शव, 22 अक्टूबर से था गायब. खगौल से रूपसपुर घर लौटने के दौरान लापता हुआ था रिशु कुमार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज नहर में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकलवाया और परिजनों को इसकी जानकारी दी. मौके पर पहुंचे पिता अनिल राम ने शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की. परिजनों के अनुसार, रिशु 22 अक्टूबर की रात खगौल स्थित जगत नारायण कॉलेज के पास अपने ननिहाल से रूपसपुर स्थित घर लौटने के लिए निकला था. इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा. काफी देर तक उसके नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. पिता अनिल राम ने बताया कि उन्होंने बेटे के लापता होने की सूचना खगौल थाने को दी थी, लेकिन उनका आवेदन नहीं लिया गया. इसके बाद उन्होंने एम्स के नजदीक स्थित ओपी प्रभारी रवि कुमार को मामले की जानकारी दी. रविवार दोपहर नहर में शव मिलने की खबर मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया. ओपी प्रभारी ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद अनिल राम वहां पहुंचे और शव की पहचान की. बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया. फुलवारी शरीफ थाना के एडिशनल एसएचओ दिवाकर कुमार ने बताया कि दोपहर में लख में जहां घास की झाड़ियां उपजी हुई थी, वहां एक आदमी के पैर का ऊपरी हिस्सा केवल नजर आ रहा था. काफी देर बाद जब वह उसे निकाला गया तो एक युवक का डेड बॉडी था जिसकी पहचान करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. नहर में युवक का शव मिलने के बाद उसकी मौत को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं. पिता ने आशंका जतायी कि नशे की हालत में नहर में गिरने से बेटे की मौत हुई होगी. हालांकि, रिशु किन परिस्थितियों में नहर तक पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है. ओपी प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



शरद पूर्णिमा पर गंगा की आरती, सामूहिक दीप दान


पटना सिटी (आससे)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर कंगन घाट में मां गंगा सेवा दल समन्वय समिति की ओर से गंगा की आरती की गयी। इस मौके पर आरती की शुरुआत समिति के अध्यक्ष राजीव गंगौल व महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू ने आचार्य की देखरेख में की। इस मौके पर पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू ने कहा कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर चंद्र की किरण के बीच शीतलता प्राप्त करने से बड़ा ही पुण्य शीतलता व शक्ति प्राप्त होती है इस दिन भगवान चंद्र अपनी पूर्ण अवस्था में पृथ्वी पर अपनी किरणों से प्रकाश देती है।आयोजन में सुजीत कसेरा , विकाश राज जायसवाल , पप्पू पटेल , सुभाष कुमार, राजनाथ मुखिया समेत अन्य शामिल थे। वहीं. खाजेकलां घाट पर मां गंगा सेवा समिति की ओर से गंगा आरती वीरेंद्र देव विश्वकर्मा की देखरेख में मनायी गयी।. आयोजन में पिंकू यादव,मनोज कुमार,पप्पू,विनय,कमला देवी,मोनी देवी समेत अन्य उपस्थित थे।



तनाव प्रबंधन से स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने में मिलती है मदद

फुलवारी शरीफ. आई एस टी डी पटना चैप्टर और पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दैनिक जीवन में तनाव से निपटने के उपायों पर वेबिनार आयोजित किया गया. 'दैनिक जीवन में तनाव से कैसे निपटें' विषय पर आयोजित इस वेबिनार में तनाव के कारणों, उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों तथा उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गयी. वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ, सकारात्मक और उत्पादक जीवन के लिए तनाव का प्रभावी प्रबंधन आवश्यक है.

वेबिनार के मुख्य वक्ता वायुसेना के पूर्व अधिकारी एवं मनोवैज्ञानिक संदीप ने तनाव की प्रकृति, मानव व्यवहार और कार्यक्षमता पर उसके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करना चाहिए. उचित मानसिक दृष्टिकोण और प्रभावी उपायों को अपनाकर तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है. पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट बसंत कुमार सिन्हा ने तनाव से निपटने के विभिन्न व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला. उन्होंने सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित जीवनशैली और प्रभावी संवाद को तनाव प्रबंधन का महत्वपूर्ण आधार बताया. उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया. कहा कि समस्याओं से घबराने के बजाय उनका रचनात्मक समाधान तलाशना चाहिए, ताकि तनाव का स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े. कार्यक्रम में राहुल बोस, पंकज कुमार, नारायण चंद्र, आर.जी. द्विवेदी, चंदेश्वर खान और हरि राम सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किये. डॉ. नूर अफशां बानो ने कार्यक्रम का संचालन किया. वेबिनार में मानसिक संतुलन बनाए रखने और दैनिक जीवन की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना करने के लिए तनाव प्रबंधन के उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया.



मग सांस्कृतिक परिषद की बैठक

पटना सिटी (आससे)। मारवाड़ी कॉलोनी स्थित चार्ल्स डार्विन स्कूल परिसर में नगर की प्रमुख सांस्कृतिक संस्था मग सांस्कृतिक परिषद की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र को संस्था का संरक्षक मनोनीत किया गया द्य बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को पाटलिपुत्र के विश्वकोश माने जाने वाले लब्ध प्रतिष्ठ पत्रकार ब्रह्मलीन पंडित राम जी मिश्र मनोहर और मूर्धन्य साहित्यकार आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंक्ति ताड़केश्वर मिश्र ने की। बैठक में परिषद के कार्यकारिणी की बैठक छठ महापर्व के बाद करने का निर्णय हुआ। परिषद के सचिव धर्मेंद्र मिश्र ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकार डाला। बैठक में सुनील नाथ मिश, विनोद कुमार पाठक, श्री रवि शुक्ल जी, श्री संतोष पांडे जी, वीरेंद्र नाथ विभावसु,श्री डाक्टर रमाकांत मिश्र, रामनरेश मिश्र, नागेन्द्र पाठक आदि उपस्थित थे।



बिहार रेजिमेंट सेंटर के 31वें द्विवार्षिक सम्मेलन और 15वीं रीयूनियन में राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण

दानापुर (आससे)। दानापुर सैनिक छावनी स्थित बिहार रेजिमेंट केंद्र में चल रहे 31वें द्विवार्षिक सम्मेलन एवं 15वीं रीयूनियन के अवसर पर आज देशभक्ति, सैन्य परंपरा, वीरता और सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान की भावना से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण, मेजर जनरल जय सिंह बैंसला, सेना मेडल, कर्नल ऑफ द बिहार रेजिमेंट को गार्ड ऑफ ऑनर, वीर नारियों एवं फिजिकल कैजुअलिटीज सैनिकों के बच्चों का सम्मान, कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन तथा विशेष सैनिक सम्मेलन कार्यक्रम प्रमुख रूप से रहे। इन आयोजनों ने बिहार रेजिमेंट की गौरवशाली विरासत, सैनिकों के बलिदान और रेजिमेंट परिवार की एकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ %वंदे मातरम% की मधुर धुन के साथ हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मेजर जनरल जय सिंह बैंसला, सेना मेडल तथा मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) असीम कोहली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया गया। राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव का प्रतीक है। बिहार रेजिमेंट केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज का यह आयोजन सैनिकों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने तथा राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को अभिव्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर रहा। इसके उपरांत बिहार रेजिमेंट केंद्र की तरफ से मेजर नवदीप सिंह के नेतृत्व में जवानों द्वारा मेजर जनरल जय सिंह बैंसला के सम्मान में गरिमामय गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। अनुशासित परेड एवं सैन्य परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस समारोह ने बिहार रेजिमेंट की पेशेवर दक्षता, अनुशासन और गौरवशाली सैन्य विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं , बिहार रेजिमेंट अपने वीर सैनिकों के बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ उनके परिवारों के कल्याण के प्रति भी सदैव प्रतिबद्ध रही है। इसी भावना के अनुरूप आयोजित सम्मान समारोह में 26 वीर नारियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक वीर नारी को 21,000 का चेक, ट्रॉली बैग, हैंडबैग, कैसरोल सेट तथा साड़ी प्रदान की गई। यह सम्मान उन वीर नारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम रहा, जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्रियजनों के सर्वोच्च बलिदान के बाद भी अदम्य साहस और धैर्य का परिचय दिया है। इसी क्रम में प्रोजेक्ट संबंध के अंतर्गत फिजिकल कैजुअलिटीज सैनिकों के पाँच बच्चों को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 17 साइकिलें बच्चों के आवास तक पहुँचाई गईं, ताकि उन्हें सहायता प्राप्त करने में सुविधा हो। इस परियोजना का नेतृत्व शौर्य चक्र से सम्मानित कर्नल वेम्बू शंकर कर रहे हैं। यह पहल सैनिक परिवारों के बच्चों की आवश्यकताओं को समझने, उन्हें सहयोग प्रदान करने तथा उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इन कल्याणकारी पहलों के माध्यम से बिहार रेजिमेंट ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि रेजिमेंट का जुड़ाव केवल सेवारत सैनिकों तक सीमित नहीं, बल्कि उनके परिवारों और आश्रितों तक भी है।



विशेष सैनिक सम्मेलन में उपलब्धियों की समीक्षा

दानापुर (आससे)। इस कार्यक्रम में आयोजित विशेष सैनिक सम्मेलन में बिहार रेजिमेंट केंद्र के कमांडेंट ने पिछले दो वर्षों के दौरान रेजिमेंट द्वारा किए गए कार्यों, विकास संबंधी पहलों, प्रशिक्षण, उपलब्धियों तथा सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने रेजिमेंट की प्रगति, कार्यक्षमता और भविष्य की आवश्यकताओं से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। सम्मेलन में उपस्थित बिहार रेजिमेंट के पूर्व कर्नल्स ऑफ द रेजिमेंट ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने रेजिमेंट की छवि को और बेहतर बनाने, इसकी गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने, प्रशिक्षण एवं कार्यप्रणाली को मजबूत करने तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। उनके अनुभव और सुझाव रेजिमेंट को निरंतर आगे बढ़ाने तथा उसकी पहचान को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहे। इस विचार-विमर्श ने सेवारत सैनिकों और पूर्व सैन्य नेतृत्व के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान तथा रेजिमेंट के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया।

सैन्य कार्यक्रम में पुस्तकों का हुआ विमोचन

दानापुर (आससे)। इस समारोह के दौरान बिहार रेजिमेंट की सैन्य उपलब्धियों, गौरवशाली इतिहास और बलिदान की परंपरा को संजोने वाली दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें ब्रिगेडियर हुंडल, विशिष्ट सेवा मेडल, पीएचडी द्वारा लिखित बिहार वारियर्स भाग-2 (1986-2026) तथा डॉ. संज्ञा पांडेय, प्रोफेसर, एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा लिखित %वीरांगनाएँ शामिल हैं। बिहार वारियर्स भाग-2 (1986-2026) के माध्यम से बिहार रेजिमेंट की सैन्य यात्रा, वीरता, उपलब्धियों और बदलते समय के साथ विकसित होती सैन्य परंपराओं को सामने लाने का प्रयास किया गया है। वहीं, %वीरांगनाएँ% वीर नारियों के साहस, त्याग, संघर्ष और योगदान को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करती है। इन पुस्तकों का विमोचन रेजिमेंट के इतिहास को संरक्षित करने, सैनिकों और उनके परिवारों के योगदान को पहचान दिलाने तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



रखा गया अखंड पाठ,सजा दीवान

पटना सिटी (आससे)। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की पावन जन्म भूमि श्री तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर तीन दिन का अखंड पाठ रखा गया। पाठ की शुरुआत अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने की।. अखंड पाठ का समापन मंगलवार को होगा. उसी दिन विशेष दीवान सजेगा. जिसमें शबद कीर्तन व कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा.इसके लिए प्रबंधक कमेटी की ओर से तैयारी की गयी है।

दुकान से उड़ाये सोने का आभूषण

पटना सिटी (आससे)। सुल्तानगंज थाना के शाहगंज मुहल्ला स्थित भरत प्रसाद की आभूषण दुकान में खरीदारी करने पहुंचे एक युवक सोने का आभूषण चोरी कर लिया है। इस संबंध में. पीड़ित ने इसकी शिकायत दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि आभूषण दिखाने के दौरान बातों में उलझा लिया और मंगलसूत्र,झूमका व इयरिंग लेकर फरार हो गया है।

लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन का 41 वां राज्य सम्मेलन संपन्न

पटना सिटी (आससे)। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित ऑडिटोरियम मे रविवार को ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन बिहार शाखा का 41 वां राज्य सम्मेलन व साइंटिफिक सेमिनार आयोजितकी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की। आयोजन में कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्रो उषा कुमारी, उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा,एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ मुकुल कुमार सिंह, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने भी विचार रखे।.इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गोविंद त्रिपाठी,महासचिव देवेंद्र प्रसाद,राज्य सचिव विमल विभाकर,राज्य शाखा के अध्यक्ष संजय कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने आठ सूत्री मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला.। मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य कराया जायेगा।



बाइक सवार युवती पर कमेंट के बाद दो गुटों में चाकूबाजी

फुलवारी शरीफ। फुलवारी शरीफ के सदर बाजार में शनिवार की देर रात करीब 11:30 बजे बाइक सवार युवती पर कमेंटबाजी को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो गुटों के बीच मारपीट और चाकूबाजी में बदल गया. नवदुर्गा मंदिर से बोली मोहल्ला तक दोनों पक्षों के युवक आपस में भिड़ गये. चाकूबाजी में मोहम्मद आमिर (16), मोहम्मद सैफ अली (18) और मोहम्मद सलमान (13) जख्मी हो गये. तीनों का इलाज एम्स पटना में चल रहा है. पुलिस ने कव्वाल टोली निवासी मोहम्मद समीर को हिरासत में लिया है. घटना फुलवारी शरीफ थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई. देर रात बाजार में अचानक मारपीट और चाकूबाजी शुरू होने से दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गयी. देखते ही देखते चौराहा से लेकर चुनौती कुआं और थाना गोलंबर तक कई दुकानें बंद हो गयीं. लोगों ने अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लिये. थाना के समीप खुलेआम मारपीट और चाकूबाजी की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया. पुलिस के अनुसार, कव्वाल टोली निवासी

तीन जख्मी, एक गिरफ्तार

मोहम्मद समीर अपनी बहन के साथ बाइक से पेठिया की ओर से खानकाह मुजीबिया जा रहे थे. इसी दौरान बोली मोहल्ला के पास कुछ युवकों द्वारा कमेंट किये जाने को लेकर विवाद हो गया. दोनों पक्षों के बीच बहस होने के बाद फोन कर अपने-अपने लोगों को बुला लिया गया. इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी और देखते ही देखते चाकूबाजी होने लगी.

चाकूबाजी में मोहम्मद आमिर (16) और मोहम्मद सैफ अली (18), दोनों पिता मोहम्मद अनवर, निवासी चुनौती कुआं तथा मोहम्मद सलमान (13), पिता मोहम्मद प्यारे, निवासी बोली मोहल्ला जख्मी हो गये. तीनों को इलाज के लिए एम्स पटना ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. जख्मी मोहम्मद आमिर ने पुलिस को दिये बयान में कव्वाल टोली निवासी नदीम (22), मोहम्मद फरदीन (20), मोहम्मद संजू, मोहम्मद ओवैस और मोहम्मद रेहान पर चाकूबाजी करने का आरोप लगाया है. पुलिस आरोपों की जांच कर रही है. मारपीट के दौरान नवदुर्गा मंदिर के पास दशहरा के समय से रखी टेबल-कुर्सियों में भी तोड़फोड़ की गयी. घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने गश्त बढ़ा दी. पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर घटना में शामिल अन्य युवकों की पहचान करने में जुटी है. फुलवारी शरीफ के एडिशनल एसएचओ दिवाकर ने बताया कि दो गुटों के युवकों के बीच मारपीट और चाकूबाजी हुई है. इसमें तीन युवक जख्मी हुए हैं, जिनका एम्स पटना में इलाज चल रहा है. पुलिस ने मोहम्मद समीर को हिरासत में लिया है.

निशांत के नेतृत्व में राज्यव्यापी अभियान का दिख रहा असर : उमेश कुशवाहा

पटना (आससे)। बिहार प्रदेश जनता दल (यू) के मा0 प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को जारी अपने बयान में राज्य में मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं वितरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आम जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा0 स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के विरुद्ध मा0 स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' की नीति और राज्यव्यापी अभियान का व्यापक एवं सकारात्मक असर अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा अब तक राज्यभर के 531 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है।

कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट बैनर से सम्मान

दानापुर (आससे)। बिहार रेजिमेंट की सक्रिय बटालियनों में पिछले दो वर्षों के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन, उच्च स्तर के प्रशिक्षण, अनुशासन, कार्यकुशलता तथा विभिन्न सैन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियों के लिए 7वीं बिहार बटालियन को कर्नल ऑफ द बिहार रेजिमेंट बैनर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बटालियन के सभी अधिकारियों, जेसीओ और जवानों की कड़ी मेहनत, समर्पण, टीम भावना तथा रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उपलब्धि अन्य बटालियनों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी को प्रोत्साहित करती है।



डेजी क्लब का भव्य शुभारंभ आज

फुलवारी शरीफ. राजधानी पटना के सगुना मोड़ स्थित आर.के. पुरम, दानापुर में 26 अक्टूबर को डेजी क्लब का भव्य शुभारंभ होगा. बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार क्लब का उद्घाटन करेंगे. समारोह में मंत्री श्रेयसी सिंह, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी, फिल्म अभिनेता पंकज केसरी, पत्रकार अजीत कुमार और चर्चित गायिका हनीप्रिया समेत कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे.

डेजी क्लब के माध्यम से खेल, फिटनेस और मनोरंजन को एक मंच पर लाने की पहल की गयी है. क्लब में बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना है. इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेल के प्रति रुचि विकसित करने के अवसर उपलब्ध कराना है.

समारोह के आयोजक एवं स्वागतकर्ता विघा सागर सिंह और अंकित सिंह हैं. आयोजकों के अनुसार डेजी क्लब के माध्यम से क्षेत्र में खेल गतिविधियों के साथ युवा प्रतिभाओं और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है.

210 लीटर विदेशी वियर बरामद

गयाजी। अवैध शराब कारोबारके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मद्यनिषेध विभाग की टीम ने मगध विश्व. विद्यालय थाना क्षेत्र के कोशिला में छापेमारी कर 210 लीटर विदेशी बीयर बरामद की। मौके से चार मोटरसाइकिलों पर लदी 453 बोतल और कैन बीयर जब्त की गई। इस दौरान पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में झारखंडके चतरा जिले के हंटरगंज निवासी सुरेंद्र कुमार यादव , गया के बहेरा थाना क्षेत्र के मसौंधा निवासी संतोष कुमार बाराचट्टीके गरवइयां निवासी राजकुमार यादव और राजू कुमार तथा मोहनपुर थाना क्षेत्र के लमकनी, लार निवासी अखिलेश कुमार शामिल हैं।

महिला से लूटपाट का आरोपित गिरफ्तार

फुलवारी शरीफ. फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी में महिला को अपने किराये के मकान में बुलाकर लूटपाट और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मधुराम (50) के रूप में हुई है. वह मूल रूप से मोतिहारी का रहने वाला है और वर्तमान में वाल्मी स्थित वृंदावन कॉलोनी में मिस्त्री का काम करता था. पुलिस ने उसके पास से लूटे गये सोने और चांदी के जेवरात भी बरामद किये हैं. फुलवारी शरीफ एएसपीनारायण उपाध्याय ने बताया कि 18 अक्टूबर की शाम करीब 4:30 बजे वृंदावन कॉलोनी निवासी सुनैना देवी घूमने के लिए निकली थीं. इसी दौरान आरोपी ने अपने घर में पूजा होने का बहाना बनाकर उन्हें अपने किराये के मकान में बुलाया. वहां महिला पर हमला कर हत्या का प्रयास किया और उनके पहने हुए सोने के जेवरात लूट लिये. घटना के बाद सुनैना देवी के पुत्र धर्मवीर कुमार ने फुलवारी शरीफ थाने में आवेदन देकर मामले की शिकायत की. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गयी. इसी क्रम में पुलिस ने रविवार को आरोपी मधुराम को बीएनपी-16 नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया. एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से महिला से लूटे गये सोने और चांदी के जेवरात बरामद कर लिये गये हैं. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के संबंध में अन्य जानकारी जुटा रही है.